तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 सितंबर 2025

13 स्वास्थ्य से बढ़कर कोई बड़ा धन नही, सेहत के प्रति हमेशा सचेत रहे लोग: लक्ष्मण



14 सीएम फ्लाइंग व आरटीए का ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा, सात चालकों से 4.79 लाख वसूले



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के दो आरोपी चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। जाटूसाना थाना पुलिस ने 24 सितंबर को हुए हादसे के बाद केस दर्ज किया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में यूपी के जैतपुर निवासी आरिफ को गिरफ्तार कर लिया। जाटूसाना पुलिस ने 20 सितंबर को हुए हादसे में आरोपी चालक मूसेपुर निवासी अजीत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 22 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नई बस्ती निवासी यश को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गत वर्ष 19 सितंबर को दर्ज किए गए मारपीट के मामले में एक आरोपी धारूहेड़ा की चांद कॉलोनी निवासी लोकेश को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### एमटीपी मामले में एक और गिरफ्तारी

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने जुलाई माह में एमटीपी किट सहित आरोपी को गिरफ्तार करने के मामले में एक और गिरफ्तारी की है। पुलिस ने एमटीपी किट बरामद होने के बाद 19 जुलाई को एमटीपी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस कार्रवाई को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने पलवल के पृथला निवासी योगेश कुमार तंवर को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस 15 जून को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के बांसुर निवासी हेमकरण को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस जमानत पर छोड़ दिया गया।

### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत आज

**कोसली।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी के सम्मान में 27 सितंबर को कोसली के भाकली रोड पर एक समारोह स्थल में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अनिल पाल्हावास की ओर से यह समारोह कराया जा रहा है। अनिल पाल्हावास ने बताया कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। युवाओं का रुझान तेजी से कांग्रेस की ओर बढ़ने लगा है।

### भगतसिंह के सपनों का भारत कार्यक्रम 28 को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर शहीदे आजम भगतसिंह के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम 28 सितंबर को पंजाबी धर्मशाला में शहीदे आजम भगतसिंह के सपनों का भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष डा. आरबी यादव विशिष्टातिथि होंगे।

---

*अब तक डेंगू पॉजिटिव मरीजों की सबसे ज्यादा संख्या शहर से, घरों में लार्वा मिलने पर 2825 लोगों को दिया जा चुका नोटिस*

# जिले में डेंगू पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा पहुंचा 200 के पार, सितंबर में अब तक मिले 85 मरीज

***डेंगू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दे रहा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीजन में डेंगू पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 200 के पार पहुंच चुका है। अभी तक प्रदेश में रेवाड़ी में डेंगू पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा सबसे ज्यादा है। जिले के डेंगू आंकड़ों में सबसे ज्यादा केस शहर से मिले है। शुक्रवार को 5 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिलने से आंकड़ा 205 पर पहुंच चुका है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक 31 केसों की पुष्टि सरकारी लैब व 174 मरीजों की पुष्टि प्राइवेट लैबों से की गई है। 14 मलेरिया केस भी मिल चुके है। सितंबर माह में अब तक 85 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है। गत वर्ष 2024 में डेंगू के 411 व 9 मलेरिया के केस मिले थे। अभी तक सबसे ज्यादा 85 डेंगू पॉजिटिव मरीज शहर से मिले है। डेंगू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दे रहा है। डिप्टी सीएमओ डा. अमित यादव के मार्गदर्शन में हेल्थ इंस्पेक्टरों की टीम डेंगू की रोकथाम के प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है तथा घरों में लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस भी दिए जा रहे है।

स्वास्थ्य विभाग की एमपीएचडब्ल्यू व ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 1865284 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है।



रेवाड़ी। पानी की टंकी में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी व महिला स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### डेंगू की रोकथाम के प्रयास जारी: डा. अमित

जिले में डेंगू से निपटने के लिए पूरे प्रयास किया जा रहे है। मच्छरों की रोकथाम के ठहरे पानी में दवाई डाली जा रही है। डेंगू से बचाव के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहने, मच्छरदानी व मास्कीटो रिफलेंट का प्रयोग करे। अपने आसपास पानी जमा न होने दें। जमा पानी में काला तेल या मिट्टी का तेल डालें ताकि मच्छर के लार्वा का खात्मा हो सकें।



डा. अमित यादव।

**डा. अमित यादव, डिप्टी सीएमओ रेवाड़ी।**

### बुधवार को लिए गए 33 लोगों के ब्लड सेंपल

मलेरिया हेल्थ इस्पेक्टर हरिप्रकाश ने बताया कि इस सीजन में अभी तक डेंगू के 205 केस आ चुके है। मलेरिया के भी 14 केस आ चुके है। जिले में अभी तक शहर में 85, बावल सीएचसी में 42, मीरपुर सीएचसी में 19, खोल सीएचसी में 39, गुरावड़ा सीएचसी में 9 व नाहड़ सीएचसी में 11 डेंगू के केस मिल चुके है। अब तक 3209 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में 30 व प्राइवेट अपताल में 3 सहित 33 लोगों के ब्लड सेंपल लिए गए।

### डेंगू व मलेरिया के लक्षण

डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव और काला पखाना होना डेंगू के लक्षण हैं। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो अपना इलाज कराएं।

### डेंगू-मलेरिया से बचाव

डेंगू व मलेरिया बीमारियों से बचाव के लिए घर में आसपास साफ-सफाई रखे। ठहरे हुए पानी में काला तेल डाले। घरों के बर्तन, कूलर, पानी की टंकी व पशुओं की खेल की सफाई करते रहे, जिससे मच्छा का लार्वा न पनप सके। डेंगू व मलेरिया के लक्षण होने पर ब्लड की जांच कराकर डॉक्टर की सलाह पर ही दवाईयां ले। ज्यादा से ज्यादा पेय पद्धार्थों का सेवन करें।

---

# देशी पिस्टल व कट्टे के साथ एक आरोपी काबू

***आरोपी के कब्जे से एक खाली खोल भी बरामद किया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

पुलिस विश्वकर्मा कॉलोनी के पास एक युवक को देशी पिस्टल व कट्टे के साथ काबू किया है। उसके कब्जे से एक खाली खोल भी बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक विवेकानन्द स्कूल के पास विश्वकर्मा कालोनी केपर खड़ा हुआ है। उसके पास अवैध हथियार है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहां मौजूद एक शख्स ने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पीछा करते हुए पुलिस ने उसे काबू कर लिया। उसने अपना नाम दुर्गेश सिंह पंवार उर्फ कालुका निवासी गांव गिजाडौद जिला झज्जर बताया। आरोपी के बैग की तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल व एक खाली खोल बरामद हुए। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस ने हथियार उपलब्ध कराने वाले की तलाश शुरू कर दी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी दुर्गेश सिंह पंवार। फोटो :हरिभूमि

---

*न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया*

# ऑनलाइन टास्क के नाम पर 2.63 लाख की ठगी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

- **मैसेज में ऑनलाइन टास्क करने पर पैसा लगाकर अच्छी आय कमाने का लालच देता था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने अगस्त माह में ऑनलाइन टास्क के नाम पर युवती के साथ लगभग 2.63 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। साइबर थाना पुलिस को गत 9 सितंबर को दर्ज शिकायत में गोकलगढ़ निवासी मोबिना बताया था कि उसकी टेलीग्राम आईडी पर 13 अगस्त को एक मैसेज आया था। मैसेज में ऑनलाइन टास्क करने पर पैसा लगाकर अच्छी आय कमाने का लालच दिया गया। उसने 13 अगस्त को 7100 रुपये बताए गए खाता नंबरों पर जमा कराए, जिसके बदले उसे 3800 रुपये का मुनाफा दिया गया।

### ट्रांजेक्शन के जरिए 45 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए

*इसके बाद उसने अगले ही दिन तीन ट्रांजेक्शन के जरिए लगभग 45 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। चैट करने वाले ने उसे बताया कि पैसे निकालने के लिए जितनी रकम डाली है, उतनी ही ओर डालनी पड़ेगी। उसने यह राशि भी ट्रांसफर कर दी। 30 अगस्त तक उसने 263486 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। पैसे वापस पाने का प्रयास करने पर उसे और राशि जमा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। उसने बैंक डिटेल के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के चुरू जिले के गांव ढाणी केलरो निवासी सुनील को गिरफ्तार कर लिया। उसके बैंक खाते में 28930 रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।*



साइबर ठगी का आरोपी सुनील।

---

### बव्वा गांव की मुस्कान बनी कमर्शियल पायलट



रेवाड़ी। मुस्कान का कमर्शियल पायलट बनने पर स्वागत करते ग्रामीण।

***कोसली।*** *उपमंडल के बव्वा गांव की बेटी मुस्कान यादव कमर्शियल पायलट बनी है। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने मुस्कान का स्वागत किया गया। पिता राजेश कुमार ने बताया कि मुस्कान ने अमेरिका से विमान उड़ाने की दो वर्ष की ट्रेनिंग पूरी कर ली है। मुस्कान ने 12वीं कक्षा पीसीएम में 92 प्रतिशत अंक लेकर पास की थी। उसके बाद उसने डीजीसीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। इस दौरान उसने कमर्शियल पायलट बनने के लिए अमेरिका के फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन की परीक्षा भी उतीर्ण कर ली, जिसके बाद वह ट्रेनिंग के लिए अमेरिका चली गई। दो साल की ट्रेनिंग के दौरान 280 घंटे विमान उड़ाने का अनुभव प्राप्त करने के बाद एफएए ने उसे कमर्शियल पायलट का लाइसेंस जारी कर दिया है। भारत में पायलट के तौर पर काम करने के लिए उसे डीजीसीए की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। 21 वर्षीय मुस्कान ने बताया कि उसका सपना अपने पिता राजेश कुमार व मां रेखा देवी को प्रथम उड़ान में सफर कराने का है। इस मौके पर मेजर राम सिंह, जगदीश कुमार, इंद्र कुमार, बसंती देवी, सुमन देवी, लक्ष्मी देवी, मनजीत, जयंत व जाह्नवी सहित गांव के गण मान्य लोग उपस्थित थे।*

### मेघवाल उत्थान समिति का पहला प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**रेवाड़ी।** मेघवाल उत्थान समिति की ओर से 28 सितंबर को प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति के सचिव व प्रवक्ता भूपेन्द्र शेखपुर ने बताया कि समारोह का आयोजन मेघवाल उत्थान समिति के कार्यालय भारत पेट्रोल पंप के निकट बावल में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। भूपेन्द्र ने बताया कि यह समिति का पहला प्रतिभा सम्मान समारोह है, जिसका उद्देश्य मेघवाल समाज की प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें सम्मानित करना है। समारोह में समाज के उन होनहार व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

---

*प्रतियोगिता में रेवाड़ी के 7 ब्लॉकों के 7 गांवों ने भाग लिया था*

# खंड खोल के कोलाना ने प्लास्टिक मुक्त गांव प्रतियोगिता में पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेवा पखवाड़ा के तहत राज्यव्यापी स्वच्छता अभियान के बीच जिले के गांव कोलाना ने प्लास्टिक मुक्त गांव प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है जिला प्रशासन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में रेवाड़ी के 7 ब्लॉकों के 7 गांवों ने भाग लिया था। शुक्रवार को एडीसी कम-सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राहुल मोदी ने गांवों का निरीक्षण किया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारीऔर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कर्मचारी भी इस मूल्यांकन प्रक्रिया में मौजूद थे। गांव कोलाना को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिले में सबसे अधिक अंक मिले। निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्रामवासियों के प्रयासों और गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए किए गए प्रभावी उपायों की सराहना की।




रेवाड़ी। गांव कोलाना का निरीक्षण करते एडीसी राहुल मोदी।

### प्रतियोगिता के परिणाम

प्लास्टिक मुक्त गांव प्रतियोगिता में गांव कोलाना खंड खोल ने प्रथम, गांव रामसिंहपुरा खंड बावल ने द्वितीय व गांव काकोड़िया खंड रेवाड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गांव कोलाना के सरपंच को 27 सितंबर को ही पलवल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की ओर से भी सम्मानित किया जाएगा।

---

**मंदिरों में महिला मंडली की ओर से देर शाम तक भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया**

# मंदिरों में पांचवें दिन हुई मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के माता मंदिरों में मां दुर्गा के नवरात्रों पर पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ पड़ रही है। मंदिरों में महिला मंडली की ओर से देर शाम तक भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने शहर की अनेक कॉलोनियों में अपने स्तर पर मां दुर्गा का गुणगान करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन भी किया हुआ है। इन आयोजनों में क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मां के दर्शन करने व अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को माता के मंदिरों में मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूरे विधि विधान से पूजा की गई। शहर के बारा हजारी स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी स्थित काली माता मंदिर, बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर, नई बस्ती स्थित मंसा देवी मंदिर, सेक्टर-3 स्थित माता मंदिर, बारा पत्थर स्थित कालीमाता मंदिर, आर्य समाज रोड स्थित दुर्गामाता मंदिर सहित सभी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान किए गए। शहर के मुख्य बाजारों में भी नवरात्रों के अवसर पर दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजाई हुई हैं। मां दुर्गा से संबंधित सामग्री मिल रही है, वहीं कंजिकाओं के लिए भी दुकानदारों ने आर्टिफिशियल ज्वैलरी सहित कई प्रकार के उपहार बिक्री के लिए उतार दिए हैं। महिलाएं कंजिकाओं के लिए उपहारों की खरीदारी करने लगी है।

**महिलाएं कंजिकाओं के लिए उपहारों की खरीदारी करने में लगी**



रेवाड़ी। नवरात्र पर लाइटों से जगमग धारूहेड़ा चुंगी स्थित कालीमाता मंदिर।

### छठे नवरात्रे पर होगी मां कात्यायनी की पूजा

*मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी देवी के नाम से जाना जाता है। धर्म पुराण में बताया गया है कि जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ गया था, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया, महर्षि कात्यायन ने सर्व प्रथम इनकी पूजा की। इसी कारण से यह देवी कात्यायनी कहलाई। शनिवार को छठे नवरात्रे पर उपासक मां कात्यायनी की पूजा करेंगे। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी है, भगवान कृष्ण को पति के रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं माता की पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की थी। मां कात्यायनी बृजमंडल की अधिष्ठात्री देवी भी हैं। मां का स्वरूप अत्यंत ही भव्य और दिव्य है। इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला और भास्वर है, मां की चार भुजाएं हैं, दाहिनी तरफ के उपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में है। बांयी ओर के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल पुष्प सुशोभित है। मां का वाहन सिंह है। मां कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है, उपासक के रोग, शोक, संताप, भय आदि भी नष्ट हो जाते हैं।*

### रोजगार मेला व सहायता शिविर का आयोजन 29 को

**रेवाड़ी।** सेवा पखवाड़ा के तहत जिला रोजगार विभाग की ओर से 29 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी मनीता यादव ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय में प्रातः 9:30 बजे से रोजगार मेला एवं रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में हीरो मोटोकॉर्प लिमिटिड, रिक्को, ऑटो, इंडस्ट्रीज लिमिटेड व पुखराज हैल्थ केयर सहित 10 कम्पनियां भाग ले रही हैं। मेले में कंपनियों द्वारा आईटीआई, डिप्लोमा, पॉलिटेक्निक तथा दसवीं से स्नातक पास लड़के व लड़कियों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने जिले के बेरोजगार युवाओं से रोजगार मेले में नौकरी का अवसर प्राप्त करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।



कुछ प्रजातियां, जैसे न्यूज़ीलैंड के कुछ पक्षी और कीवी पक्षी, अंधे होते हैं और गंध के सहारे शिकार करते हैं।



पपुआ न्यू गिनी का हूडेड पिटोहुई दुनिया का एकमात्र जहरीला पक्षी है।



# एमबीए करने के बाद बना सकते हैं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आप भी एमबीए करने के बारे में सोच रहे हैं और आपको नहीं पता कि एमबीए करने के फायदे क्या होते हैं और एमबीए करने से क्या होता है तो यह जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। बहुत सारे विद्यार्थियों को बिजनेस में रुचि होती है। जो विद्यार्थी बिजनेस में इंटरेस्ट रखते हैं वह अपना खुद का व्यापार करना चाहते हैं। ऐसे में उनका गोल सेट होता है कि उन्हें एमबीए करना है। एक बेहतर माइंडसेट वाले स्टूडेंट को एमबीए करने के लाभ जरूर मिलते हैं। अगर आप भी बिजनेस में रुचि रखते हैं तो किसी भी अच्छे संस्थान से एमबीए कर सकते हैं।

## सरकारी कॉलेज से एमबीए

हम आपको कुछ ऐसे कॉलेजों के बारे में बता रहे हैं जहां से आप आसानी से यह डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। हमारे इस आर्टिकल से आपको काफी सहायता मिलेगी। विभिन्न कालेज तथा उनके फीस के बारे में आपको थोड़ा अंदाजा हो जाएगा। जिसके अनुसार आप किसी भी कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे जो आपके पसंद के मुताबिक होगा। आमतौर पर अगर आप प्राइवेट कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज से एमबीए करते हैं तो फीस बहुत कम होती है। जैसे अगर हम दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स की बात करें तो इसकी 2 साल की एमबीए की फीस 30392 रुपये है।

### ये है बेस्ट प्लेसमेंट कॉलेज

ऐसे में अगर आप गरीब परिवार से भी संबंधित है तो भी आसानी से एमबीए की डिग्री कर सकते हैं। हालांकि एडमिशन लेने के लिए आपको एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है। हर कॉलेज की तरफ से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा प्रवेश परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में दाखिला दिया जाता है। सरकारी कालेजों मे एमबीए की फीस 30,392 से लेकर 400,000 लाख प्रतिवर्ष हो सकती है वही प्राइवेट कॉलेजों मे एमबीए के फीस 300,000 लाख से लेकर 1,300,000 रुपए तक हो सकती है। आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, एफएमएस दिल्ली, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, यूबीएस चंडीगढ़ बेस्ट प्लेसमेंट देते हैं।

## एमबीए करने के फायदे

अब अगर हम इस बारे में बात करें कि एमबीए करने के फायदे क्या मिलते हैं तो एक अच्छे करियर ऑप्शन के साथ-साथ इसमें आपको बढ़िया सैलरी पैकेज में मिलता है। इन दिनों युवाओं में एमबीए को लेकर काफी क्रेज है। हर कोई इसे अपने करियर ऑप्शन के रूप में सेलेक्ट कर रहा है। एमबीए ऐसी डिग्री है जिसकी दुनिया के करीबन प्रत्येक यूनिवर्सिटी में है। आईआईएम से एमबीए कोर्स करने के लिए कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा पास करनी होती है। इसके अतिरिक्त जैट और मैट एग्जाम पास करके भी विभिन्न मैनेजमेंट कॉलेजों में एडमिशन लिया जा सकता है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी और मैनेजमेंट कॉलेज ऐसे भी हैं जो अपना एंट्रेंस एग्जाम स्वयं आयोजित करते हैं।

### अच्छा सैलरी पैकेज मिलता

एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद करियर के कई विकल्प खुल जाते हैं इसके साथ में हाई सैलरी पैकेज वाली जॉब भी मिलती है। एमबीए करके आप किसी भी कंपनी के सीईओ तक की पोस्ट तक पहुंच सकते है। सीईओ की पोस्ट हाई पेड़िंग जॉब है। आईआईएम से एमबीए करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट एक करोड़ तक की सैलरी पैकेज पर हो जाता है।

### स्किल में वृद्धि होती

एमबीए करने के बाद आपकी स्किल्स में वृद्धि होती है। आपके अंदर किसी भी काम को करने के लिए नई-नई स्किल आती है। ऐसे मैं आपके अंदर आइडिया आते हैं कि आप किसी काम को कितने तरीकों से कर सकते हैं। आप स्मार्ट तरीके से सोचने लगते हैं। इससे आप मार्केटिंग स्ट्रेटजी तेजी से तैयार कर सकते हैं। जो कि जॉब या अपने बिजनेस, दोनों में काफी काम आती है।

## खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते

एमबीए करने के बाद स्टूडेंट्स जॉब करने की अपेक्षा अपने स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आपको मैनेजमेंट की समझ हो जाती है। ऐस में आप अपने स्टार्टअप को सफल बना सकते हैं। यही कारण है कि कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट पढ़ाई पूरी करके अपना बिजनेस शुरू कर लेते है।

### कम्युनिकेशन स्किल में इजाफा

एमबीए कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स की पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर काफी ध्यान दिया जाता है। इन सबमे कम्युनिकेशन स्किल काफी जरूरी है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत हर फील्ड में होती है। ऐसे में एमबीए कर लेने पर किसी भी फील्ड में फायदा होगा।

### प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते

एमबीए करने के बाद विद्यार्थी लाखों पूर्व छात्रों के वैश्विक नेटवर्क का भाग बन जाते हैं. जिससे आपके नेटवर्क में बढ़ोतरी होती है। इस नेटवर्क में आपकी फील्ड के अतिरिक्त अन्य प्रोफेशनल लोग भी शामिल होते हैं। जिनसे नेटवर्किंग करके अपने करियर को अपेक्षाकृत आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार आप के अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### जॉब के अवसर बढ़ जाते

एमबीए करने के बाद अभ्यर्थियों के जॉब के अवसर बढ़ जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में बहुत सारी कंपनियां एमबीए कैडिडेंटस को नौकरी पर रखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास मैनेजमेंट से लेकर बिजनेस की समझ काफ़ी अच्छी होती है।

### एमबीए करने से ग्लोबल मार्केट की समझ हो जाती

एमबीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों की ग्लोबल मार्केट को लेकर समझ बढ़ जाती है। एमबीए स्टूडेंट्स प्रोफेसरों से सीखने के अतिरिक्त अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के बारे में भी समझ विकसित करते है। इस प्रकार उन्हें हर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी होती है। यह उसे कंपनी के लिए काफी लाभदायक हो सकता है जिसमें वह नौकरी कर रहे हैं।

---

तेजी से बदल रही दुनिया में रोजगार नए अवसर प्रदान कर रहा

# एआई अवसरों का नया द्वार, युवाओं के करियर को दे रहा नई उड़ान



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

तेजी से बदल रही दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। यह हर काम को जहां बेहद आसान बना रहा है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में भी नए द्वारा खोल रहा है। इससे युवा अपने करियर को नई उड़ान भर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं रहा, बल्की अब यह हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। स्वास्थ्य, टेक, शिक्षा, साइंस और बड़ी बड़ी कंपनियां चाहे जो भी हर जगह एआई की डिमांड है। देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा भी अब एआई को लेकर गंभीर हैं और इस क्षेत्र में लगातार दक्षता हासिल कर रहे हैं। आज की दुनिया बड़ी तेज़ी के साथ बदल रही है। पहले जो काम सालों में होता था, अब महीनों में हो जाता है। जो महीनों में होता था वह अब सप्ताह या कुछ ही दिनों में हो रहा है, जबकि एक दिन में होने वाला काम महज कुछ घंटों या सेकंडों में हो रहा है। इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताक़त है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। अब एआई तकनीसे रोबोट जटिल से जटिल सर्जरी तक कर रहे हैं।

**देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा अब एआई को लेकर गंभीर**

### हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही भूमिका

एआई की भूमिका हर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। हर देश अपने स्वदेशी उपकरणों को और आधुनिक बनाने के लिए इस तकनीक का प्रयोग कर रहा है। एआई हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है और रोजगार के नए नए अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में युवा शक्ति इस तकनी को अपनाकर अपना करियर किसी भी क्षेत्र में चमका शक्ति है। एआई 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। यह विभिन्न क्षेत्रों में कोर्स के मौके देकर छात्रों के लिए भविष्य के नए द्वार खोल रही है। इससे छात्र भी नए नए इनोवेशन के जरिये अपने करियर को बेहतर बना रहे हैं।

### लगभग हर क्षेत्र में आ रहा काम



**बन रहा समय की जरूरत**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा ही नहीं, अब बन रहा जरूरत**

### पढ़ाई और करियर में एआई की भूमिका

आज के विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित ही नहीं हैं। वे एआई की मदद से वे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नई-नई स्किल्स सीख सकते हैं। चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को और आसान बना रहे हैं। मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकें एआई के जरिये और आसान हो रही हैं। ये केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बदलाव की क्रांति ला रही हैं। इससे युवाओं को बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।

### रोजगार के नए अवसर

आज से 10 साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर या एआई एथिक्स ऑफिसर जैसे पद होंगे। लेकिन अब ये युवाओं के लिए सबसे चर्चित करियर बन चुके हैं। युवाओं के लिए यह मौका है कि वे सिर्फ़ पारंपरिक नौकरियों पर न रुकें, बल्कि भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को तैयार करें। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और छात्रों के लिए बेहतरीन मौके। एआई के जरिये सिर्फ कीबोर्ड से घर बैठकर भी पैसा कमाना आसान बन रहा है।

### स्किल्स ही सबसे बड़ा हथियार

डिजिटल दुनिया के लिए डिग्री ज़रूरी है, लेकिन अब सिर्फ डिग्री से नौकरी मिलना मुश्किल है। एआई के इस युग में प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसी स्किल्स आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों में आप एआई के कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।



**चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को बना रहे आसान**

### डर नहीं, दोस्त बनाइए

देखने में आया कि कुछ लोग कहते हैं कि एआई नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि एआई उन लोगों की मदद करेगा जो नई स्किल्स सीखेंगे। यानी, एआई से डरने की जगह हमें इसे अपना दोस्त बनाना चाहिए। जब आप एआई को अपना दोस्त बना लेंगे तो आपके करियर और भविष्य को चमकने से कोई नहीं रोक सकता।

### युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

- युवाओं के लिए आई एक सुनहरा अवसर है। यह उन्हें न सिर्फ़ करियर की नई दिशा देगा, बल्कि दुनिया को बदलने का मौका भी देगा। इसलिए आज से ही तय कीजिए कि आप एआई को एक डर की तरह नहीं, बल्कि अवसर के नए द्वार की तरह अपनाएंगे और अपने भविष्य को सुरद्क्षित बनाएंगे। यह छात्रों के करियर में चार चांद लगाएगा और आपको टेक्नीकली रूप ये मजबूत बनाएगा। नौकरी की नई राह खुलेगी।

### एआई कोर्स करने के लिए टॉप संस्थान

1. **IIT** बॉम्बे – **AI** व डेटा साइंस
2. **IIT** दिल्ली – मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग
3. **IIT** मद्रास – **B.Sc. Data Science & AI** (ऑनलाइन/ऑफलाइन)
4. **IIT** हैदराबाद – **AI** में विशेष **M.Tech** प्रोग्राम
5. **IISc** बैंगलोर – कंप्यूटर साइंस व मशीन इंटेलिजेंस
6. **IIIT** हैदराबाद – डेटा साइंस व रोबोटिक्स
7. **IIIT** बेंगलुरु – **AI** व मशीन लर्निंग सर्टिफ़िकेशन
8. **IIM** बेंगलुरु/अहमदाबाद – **AI** व बिजनेस एनालिटिक्स (मैनेजमेंट दृष्टिकोण से)
9. **CDAC** (**Centre for Development of Advanced Computing**) – **AI** व एडवांस्ड कंप्यूटिंग डिप्लोमा
10. **JNU** व दिल्ली यूनिवर्सिटी – डेटा साइंस व **AI** संबंधित **M.Sc./Diploma**

### यहां से करें डिग्री/डिप्लोमा

- **B.Tech./B.Sc. in AI/Data Science/Computer Science** – 4 साल
- **M.Tech./M.Sc. in AI/Machine Learning** – 2 साल
- **PG Diploma in AI/ML** (**CDAC, IITs, IIITs**) – 1 साल
- **Certificate Courses** (**Coursera, NPTEL, Udemy, EdX**) – 3 से 6 महीने

### यह मिल सकती है सैलरी

- (**Fresher**): 6–10 लाख प्रति वर्ष (**AI** इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट)
- **Mid-Level** (5–8 साल): 15–25 लाख प्रति वर्ष
- **Senior Roles** (10+ साल): 30–50 लाख+ (**AI Architect, Research Scientist**)

---

# छात्र नई तकनीक सीखें, सोशल मीडिया पर समय न करें बर्बाद



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश जहां युवा आबादी की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज का युवा न केवल भारत का भविष्य है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। लेकिन इस ऊर्जा और अवसरों को सही दिशा में लगाना जरूरी है। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया हमारा ध्यान खींचती है, हमें यह समझना होगा कि समय का सही उपयोग और नई तकनीकों को सीखना ही हमें आगे ले जाएगा। सोशल मीडिया ने हमें एक-दूसरे से जोड़ा है, जानकारी साझा करने का एक आसान तरीका दिया है, लेकिन क्या हम इसका उपयोग सही तरीके से कर रहे हैं? घंटों स्क्रॉल करना, रील्स देखना, या बिना उद्देश्य के चैटिंग करना हमें तात्कालिक खुशी तो दे सकता है, लेकिन यह हमारा समय चुरा लेता है।

### यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें

वह समय, जो हम नई तकनीक सीखने, अपने कौशल को निखारने और अपने करियर को मजबूत करने में लगा सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन सीमित और स्मार्ट तरीके से। इसे अपने ज्ञान को बढ़ाने, नई तकनीकों के बारे में जानने और प्रेरणा लेने का जरिया बनाएं। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से सीखें, या एक्स पर विशेषज्ञों की पोस्ट पढ़ें।

**नई तकनीक**: भविष्य का आधार
आज का युग तकनीक का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटासाइंस, क्लाउडकंप्यूटिंग, और वेबडेवलपमेंट जैसी तकनीकें न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में क्रांति ला रही हैं। भारत में स्टार्टअप्स और टेक कंपनियां इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं, और वे युवाओं को अवसर प्रदान कर रही हैं। लेकिन इन अवसरों को हासिल करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। तकनीक सीखना न केवल आपको नौकरी के लिए तैयार करता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और नवाचार करने वाला बनाता है। चाहे आप कोडिंग सीखें, डेटा विश्लेषण करें, या साइबर सिक्योरिटी में महारत हासिल करें, ये कौशल आपको वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

**कौशल क्यों महत्वपूर्ण हैं?** : भारत में 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। लेकिन बिना कौशल के यह शक्ति अधूरी है। आज की नौकरियां डिग्री से ज्यादा कौशल पर निर्भर करती हैं। टेक कंपनियां ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, डेटाएनालिसिस, या डिजिटलमार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में पारंगत हों।

**उदाहरण के लिए: कोडिंग**: पायथन, जावा, या जावास्क्रिप्ट सीखने से आप सॉफ्टवेयरडेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं।

**डेटासाइंस**: डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग की मांग हर उद्योग में बढ़ रही है।

**डिजिटलमार्केटिंग**: सोशल मीडिया का सही उपयोग करके आप ब्रांड्स के लिए ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

**साइबर सिक्योरिटी**: डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने की जरूरत आज पहले से कहीं ज्यादा है। ये कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप शुरू करने, या स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

### समय का सही उपयोग कैसे करें ?

**लक्ष्य स्पष्ट करें**: आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? **AI**, वेबडेवलपमेंट, या कोई और तकनीक? अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें।

**ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें**: कोर्सेरा, उडेमी, यूट्यूब, और फ्रीकोडकैंप जैसे मुफ्त संसाधन उपलब्ध हैं। इनसे नई तकनीक सीखें।

**समय प्रबंधन**: रोजाना 1-2 घंटे तकनीक सीखने के लिए निकालें। सोशल मीडिया पर बिताने वाला समय कम करें।

**प्रोजेक्ट बनाएं**: जो सीखा, उसे लागू करें। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर अपने कौशल को परखें।

**नेटवर्किंग**: लिंक्डइन और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ें और उनसे सीखें।

**भारत के युवा**: दुनिया को बदलने की ताकत भारत के युवा न केवल अपने देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन सकते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, और अमेजन जैसी कंपनियों के सीईओ से लेकर स्टार्टअप्स के संस्थापक तक, भारतीय युवा हर जगह अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। लेकिन यह सफलता मेहनत, अनुशासन, और कौशल से मिलती है। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने के बजाय, अपने समय को निवेश करें। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने कौशल को निखारें, और भारत को तकनीकी दुनिया का नेतृत्व करने में मदद करें। यह आपका समय है, इसे बर्बाद न करें इसे बनाएं!

**आज से शुरुआत करें, क्योंकि आपका भविष्य आपके हाथों में है**

### सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे?
(ए) मुद्राएं (बी) कांसे के औजार
(सी) कपास (डी) जौ

**2.** निम्नलिखित विद्वानों में से हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था ?
(ए) सर जॉन मार्शल
(बी) आर. डी. बनर्जी
(सी) ए० कनिंघम
(डी) दयाराम सहनी

**3.** सिंधु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था ?
(ए) कालीबंगन (बी) लोथल
(सी) रोपड़ (डी) मोहनजोदड़ो

**4.** पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिंधु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई ?
(ए)कालीबंगन (बी)हड़प्पा
(सी)चहुदड़ी (डी)लोथल

**5.** हड़प्पाकालीन समाज किन वर्गों में विभक्त था ?
(ए)शिकारी, पुजारी, किसान, क्षत्रिय
(बी)विद्वान, योद्धा, व्यापारी, श्रमिक
(सी)ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र
(डी) राजा, पुरोहित, सैनिक, शूद्र

**6.** सिंधु सभ्यता का सर्वाधिक उपयुक्त नाम क्या है?
(ए) हड़प्पा सभ्यता
(बी) सिंधु सभ्यता
(सी) सिंधु घाटी सभ्यता
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष में हुई थी ?
(ए)1935 ई. (बी)1942 ई.
(सी)1901 ई. (डी)1921 ई.

**8.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में कौन-सी उक्ति सही है ?
(ए) उन्हें अश्वमेध का जानकारी थी
(बी) गाय उनके लिए पवित्र थी
(सी) उन्होंने पशुपति का सम्मान करना आरंभ किया
(डी) उनकी संस्कृति सामान्यतः स्थिर नहीं थी।

**9.** हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति...... थी
(ए) उचित समतावादी
(बी) दास-श्रमिक आधारित
(सी) वर्ण आधारित
(डी) जाति आधारित

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(डी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8. (सी) 9. (ए)

## खबर संक्षेप

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**रेवाड़ी।** पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना सदर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर थाने में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। इस मौके पर इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह ने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाता है, बल्कि समाज में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना को भी बढ़ाता है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे भी कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी सुरक्षा एवं संवर्धन की जिम्मेदारी लें। उन्होंने ने कहा कि पुलिस विभाग केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभाता है।

### कनूका में चलाया फोगिंग अभियान

**रेवाड़ी।** बदलते मौसम के दौरान मच्छरों के प्रकोप से बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण पाने के लिए ग्राम पंचायत आरामनगर-कनूका की ओर से गांव में फोगिंग अभियान चलाकर कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया गया। गांव के सरपंच एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जयवीर योगी ने बताया कि मच्छरों पर नियंत्रण पाने के लिए गठित दल की ओर से गांव कनूका में फोगिंग की गई। अभियान के दौरान गांव की प्रत्येक गलियों, सार्वजनिक स्थलों, मंदिर, स्कूल व अन्य स्थलों पर फोगिंग करके डेंगू व मलेरिया सहित अन्य मच्छर जनित संक्रमक बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण लगाने के प्रयास किए गए। योगी ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सार्वजनिक स्थलों पर कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया गया। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग लोगों से सहयोग मांगा है। फोगिंग अभियान में पंच मंजीत चौहान, दिनेश कुमार, जिले सिंह व सत्यवीर सिंह चौहान ने सहयोग दिया।

### धारूहेड़ा व बाल भवन में स्वास्थ्य जांच शिविर, सफाई कर्मियों को वितरित की हेल्थ किट

# स्वास्थ्य से बढ़कर कोई बड़ा धन नहीं सेहत के प्रति सचेत रहे लोग: लक्ष्मण सिंह

**हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों को हर संभव मदद करा रही है मुहैया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। बाल भवन में शिविर का अवलोकन करते इंजी. कृष्ण व डीएमसी। व सफाई कर्मियों को हेल्थ किट व आवश्यक सामग्री वितरित करते विधायक लक्ष्मण सिंह।

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के तत्वावधान में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के सभी सफाई कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। शिविर में सफाई योद्धाओं को हेल्थ किट भी भेंट की गई। शुक्रवार को धारूहेड़ा में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने एसडीएम सुरेश कुमार के साथ सफाई कर्मियों के लिए लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर का अवलोकन किया। वहीं बाल भवन में हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी.कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएमसी ब्रह्मप्रकाश, सचिव अनिल, नीलम व रोहिणा भी उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई कर्मचारी आयोग की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई कम्रियों को हर संभव मदद मुहैया करा रही है और समयानुसार इस प्रकार के आयोजन कर स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि सफाई योद्धा वातावरण बदलाव में अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्वास्थ्य से बढ़कर कोई बड़ा धन नहीं है। ऐसे में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। जिला रेवाड़ी में आयोजित विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों में सफाई कर्मचारियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, आंखों की जांच, दंत चिकित्सा जांच, मधुमेह, चेस्ट एक्सरे, टी बी जांच, ब्लड ग्रुप जांच और रक्तचाप की जांच की गई है।

#### सफाई कर्मचारी समाज के अभिन्न अंग: इंजी. कृष्ण

हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजी कृष्ण कुमार ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सेहत का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है, जिसे लेकर सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे है, ताकि सफाई कर्मचारियों को किसी भी संभावित स्वास्थ्य समस्या का जल्द पता चल सके और उसका इलाज हो सकें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आयोग भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन करता रहेगा ताकि सफाई कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

#### मौजूद रहे

*इस अवसर पर नगरपालिका धारूहेड़ा चेयरमैन कंवर सिंह, वाईस चेयरमैन अजय जांगड़ा, एसडीएम सुरेश कुमार, मनोज सैनी, राजकुमार सैनी, इंद्रपाल मुकदम, अशोक कोसलिया, अतर सिंह पांचाल, रीना, संदीप जोशी, देवराज, सावन सैनी व रामफल खोला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।*



रेवाड़ी। ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीसी अभिषेक मीणा।

## अधिकारियों व राजनीतिक दलों के साथ किया ईवीएम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- वेयरहाउस की सुरक्षा सहित सीसीटीवी कैमरे व साफ सफाई सहित सभी व्यवस्थाएं जांची

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ शहर के मॉडल टाउन स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा सहित सीसीटीवी कैमरे व साफ सफाई सहित सभी व्यवस्थाओं की जांच करके अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एक्सटिंगिशर व सीसीटीवी की जानकारी ली। डीसी ने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा चाक चौबंद रहे और सीसीटीवी कैमरे निरंतर एक्टिव मोड में रहें। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयर हाउस की सुरक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों की पूर्ण रूप से पालन किए जाए। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में रिकॉर्डिंग की भी गहनता से जांच की। इस अवसर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम जितेन्द्र कुमार, डीडीपीओ एचपी बंसल, राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों में भाजपा से सतपाल धूपिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, बसपा से किशोरी लाल व आम आदमी पार्टी के मदन सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

## प्रत्येक व्यक्ति को बुजुर्गों का सत्कार करना चाहिए

### डालसा सचिव व सीजेएम ने किया वृद्धाश्रम व आस्था कुंज का निरीक्षण

- अमित वर्मा ने वृद्धजनों की जरूरी सुविधाओं का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। वृद्धाश्रम में बुजुर्गो से बात करते अमित वर्मा। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीजेएम अमित वर्मा ने शुक्रवार को वृद्ध आश्रम व आस्था कुंज का औचक निरीक्षण किया। अमित वर्मा ने वृद्धजनों की जरूरी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्ध जनों को मिलने वाले भोजन व अन्य जरूरी सुविधाओं की जांच की तथा उनको और बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने बुजुर्गों का सत्कार व उनकी संभाल करनी चाहिए, ताकि बुजुर्गों को जिंदगी के आखिरी पड़ाव में परिवार का सहारा मिल सके। यदि किसी कारणवंश वृद्ध आश्रम में बुजुर्ग रहने को मजबूर हैं तो उनकी वहां पर संभाल के लिए भी हम सभी को आगे आना चाहिए। सीजेएम ने बताया कि बहुत सारी योजनाएं है,जो वरिष्ठ नागरिकों को फायदा पहुंचाने के लिए चलाई जा रही हैं तथा वे किसी भी कानूनी सहायता के लिए एडीआर केंद्र आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने बूढ़े मां-बाप का सम्मान और आदर करें, उनकी सेवा करें तथा उनकी कानूनी या अन्य सहायता लेने में मदद करे। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क कानूनी सेवाओं की पेशकश करना व साथ में उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास करना है। उन्होंने बताया कि लीगल एड द्वारा सीनियर सिटीजन, महिलाएं, बच्चों, अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों व तीन लाख से कम वार्षिक आय वाले सभी व्यक्तियों को निःशुल्क में कानूनी सहायता दी जाती है और कोई भी जन कानूनी सहायता के लिए उप मंडल विधिक सेवा समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा आमजन के लिए चलाए गए टोल फ्री नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01274-220 062 पर कानूनी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## अप्रवासी बांग्लादेशी व रोहिंग्या नागरिकों के लिए जिले में कोई स्थान नहीं: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



हेमेंद्र मीणा।

**एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश**

जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों, विशेष रूप से बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें डिटेन करने और सीमा पार वापस भेजने के लिए एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं। एसपी ने कहा कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। एसपी ने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों, फैक्ट्रियों, गोदामों में अस्थाई मजदूरों को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया जाए। इन स्थानों पर कार्य कर रहे श्रमिकों की नागरिकता की गहनता से जांच की जाए और यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध पाया जाता है या उसके पास भारत में रहने का वैध दस्तावेज नहीं है, तो उनके विरुद्ध तुरंत कार्रवाई की जाए तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भेजा जाए। अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए डीएसपी हेडक्वार्टर डा.रविन्द्र सिंह के सुपरविजन में एक स्पेशल सेल का गठन किया गया है, जिनको अभियान के लिए सभी आवश्यक कदम, जिनमे पुलिस की खुफिया इकाइयों और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने कहा कि ईंट भट्ठा मालिक, ठेकेदार और अन्य रोजगार प्रदाता किसी भी संदिग्ध या अवैध रूप से रह रहे व्यक्ति को रोजगार न दें और न ही किराए पर ठहराए। यदि वे ऐसा करते हैं तो उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

#### सुरक्षा सबसे जरूरी

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह अभियान केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और अपराध नियंत्रण के लिए भी आवश्यक है। जिले में इस प्रकार की गतिविधियों को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।



### पुलिस कर्मियों सहित 50 लोगों ने किया रक्तदान

**कोसली।** कोसली थाना परिसर में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में पुलिस कर्मियों सहित विभिन्न गांवों के 50 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ कोसली के डीएसपी विद्यानंद ने किया। डीएसपी ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदाताओं द्वारा दान किए गए रक्त की एक एक बूंद किसी व्यक्ति के जीवन को बचाने के काम आती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी भी नहीं आती। मानव शरीर कुछ समय में ही रक्त की पूर्ति कर लेता है। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। रक्त एकत्रित करने के लिए आस्था ब्लड बैंक के डा. नरेंद्र यादव,

## जीएसटी बचत उत्सव से मंहगाई की दर होगी कम

**कोसली में आबकारी एंव कराधान विभाग की ओर से व्यापारी जागरूकता सम्मेलन का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। सम्मेलन में व्यापारियों को संबोधित करते हुए विधायक अनिल यादव।

कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में सुधार लाने के लिए नया स्लैब लागू कर दिया है। आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने अब 18 और 5 प्रतिशत की नई जीएसटी दरें लागू की हैं। विधायक शुक्रवार को कोसली की लाला रामरतन धर्मशाला में कर जागरूकता को लेकर आबकारी एवं कराधान विभाग की ओर से कार्यक्रम में व्यापारियों को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि किसानों, आम नागरिकों, लघु उद्यमियों, श्रमिकों एवं व्यापारी सभी वर्गों को नई पॉलिसी से लाभ होगा। जीएसटी बचत उत्सव से मंहगाई की दर और कम होगी। ट्रैक्टर, कृषि उपकरण, मोबाइल, छोटी गाड़ियां, घी, मक्खन, बीमा पॉलिसी व दवाइयां सहित सभी मूलभूत वस्तुओं से टैक्स घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। वर्ष 2014 में केंद्र सरकार ने जीएसटी की चार स्लैब बनाई थी, जो अब मुख्यतः दो रह गई हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सरकार द्वारा इसमें और सुधार किया जाएगा। विधायक ने सभी दुकानदारों एवं व्यापारियों से आह्वान किया कि वे स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री करें। खासतौर से अब त्योहारी सीजन में विदेशी सामान को बाजार से बाहर कर भारत में बनी चीजों को ही दुकानों पर बेचें। लोगों को भी स्वदेशी खरीदने के लिए प्रोत्साहन दें।

#### दुकानदारों से चर्चा

*इस मौके पर डीईटीसी प्रीति चौधरी ने कहा कि जीएसटी पर जो सामान दुकानदार पहले बढ़ी हुई दरों पर खरीद चुके हैं, उस राशि को इनपुट टैक्स क्रेडिट से समायोजित किया जा सकता है। इसके अलावा व्यापारी यदि कर वापसी के लिए आवेदन करता है तो एक सप्ताह में 90 प्रतिशत रकम लौटा दी जाएगी। कुछ दुकानदारों से भी बातचीत की।*



रेवाड़ी। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए डॉक्टर्स।

### आयुष्मान आरोग्य हेल्थ चेकअप व जागरूकता कार्यक्रम

**रेवाड़ी।** गांव रोहड़ाई स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य चेकअप व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डा. संगीता भाटी ने की। इस दौरान 150 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में समाजसेवी सुखवीर सरपंच रोहड़ाई व डा. धीरपाल सरपंच रोझूवास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस मौके पर पीएचसी जाटूसाना से चिकित्सा अधिकारी डा. रविंद्र सिंह पाली ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत दैनिक सफाई, स्वच्छता और अच्छे स्वास्थ्य के महत्व पर जानकारी दी। डा. संगीता भाटी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर रोहराई में उपलब्ध सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क दवाइयां, हेल्थ एंड वेलनेस सेशन, गर्भवती महिलाओं की जांच, स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार पर परामर्श व टेलीकंसल्टेशन के बारे में बताते हुए ग्रामीणों को सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में एएनएम सोनम वाई व उर्मिला देवी सहित आशा वर्कर्स का सहयोग रहा।

### पूर्व मंत्री कैप्टन अजय अहीरवाल में कद्दावर नेता, उनके बेटे चिरंजीव राव हैं लालू यादव के दामाद

# अब चिरंजीव राव को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की चर्चा

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

कांग्रेस पार्टी में प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर माहौल गर्माना शुरू हो गया है। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार अहीरवाल में भाजपा को मिली सफलता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी भी इस इलाके को साधने की रणनीति पर काम कर सकती है। अहीरवाल के दो नेताओं को प्रदेशाध्यक्ष बनाने की चर्चाओं के बाद अब यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष की कमान संभाल चुके पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के बेटे व बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव के दामाद चिरंजीव राव को प्रदेश कांग्रेस की बागडौर सौंपे जाने की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। भाजपा को लगातार तीसरी बार प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने में दक्षिणी हरियाणा यानि अहीरवाल क्षेत्र ने बड़ा रोल अदा किया है। यह बात कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी समझ चुका है कि प्रदेश की सत्ता हासिल करने के लिए दक्षिणी हरियाणा की भूमिका सर्वोपरि रहती है। वर्ष 2005 और 2009 के विधानसभा चुनावों में दक्षिणी हरियाणा में कांग्रेस को अच्छी सफलता मिली थी, जिसके चलते भूपेंद्र सिंह हुड्डा लगातार दो बार सीएम बनने में कामयाब रहे थे। कांग्रेस में प्रदेशाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के चयन को लेकर कई दिनों से मंथन चल रहा है, परंतु राहुल गांधी की सक्रियता के बाद अब दोनों के नामों की घोषणा जल्द होना तय हो चुका है। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव अहीरवाल कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ व दमदार नेता हैं। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ पटरी नहीं बैठ पाने के कारण कई मौकों पर वह पार्टी में उपेक्षित भी किए जा चुके हैं। कैप्टन कांग्रेस ओबीसी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में बड़ी भूमिका निभा चुके हैं। ओबीसी वर्ग से प्रदेशाध्यक्ष बनाने की चर्चाओं के बीच पूर्व विधायक राव दानसिंह और पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह के नाम सामने आ चुके हैं, परंतु दोनों का ही हुड्डा खेमे से जुड़ा होना इन चर्चाओं पर विराम लगाने के लिए काफी है।

#### चिरंजीव दिखा चुके हुड्डा को तेवर

*वर्ष 2010 के दशक में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के समय चिरंजीव राव यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चुने गए थे। उस समय हुड्डा सरकार अंबाला के पंजोखरा में आईएमटी के जमीन का अधिग्रहण करना चाहती थी, जिसका किसानों ने विरोध शुरू कर दिया था। यूथ कांग्रेस का प्रदेशाध्यक्ष होने के बावजूद चिरंजीव राव ने किसानों के बीच जाकर हुड्डा सरकार के फैसले का कड़ा विरोध करते हुए तेवर दिखा दिए थे। उन्होंने भूमि अधिग्रहण का विरोध करने वाले किसानों का साथ तक देने का वादा किया था। इसके बाद तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष फूलचंद मुलाना ने पूरी कार्यकारिणी ही भंग कर दी थी।*

#### विस में निभा चुके प्रभावी भूमिका



लालू यादव।



चिरंजीव राव।



अजय सिंह।



राव नरेंद्र सिंह।

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में लहर के बावजूद भाजपा प्रत्याशी सुनील मुसेपुर को हराकर विधायक बने चिरंजीव राव ने विधानसभा सत्रों के दौरान इलाके की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाते हुए विधायक के रूप में अच्छी भूमिका अदा की थी। लालू यादव का दामाद होने के नाते 'बिहारी दबाव' प्रदेशाध्यक्ष के रूप में चिरंजीव के नाम को आगे बढ़ाने पर विचार जरूर कर सकता है। इस समय भी चिरंजीव जनसमस्याओं को लेकर विधायक से लेकर सांसद तक को कटघरे में खड़ा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। अगर उन्हें प्रदेश की कमान सौंपी जाती है, तो गुटबाजी से हटकर वह संगठन को मजबूत बनाने में बड़ा रोल अदा कर सकते हैं।

**ग्राम पंचायत गंगायचा अहीर**
**जिला रेवाड़ी, हरियाणा**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खंड रेवाड़ी की ग्राम पंचायत गगांयचा अहीर टयूबवैल पर अस्थाई टयूबवैल आपरेटर नियुक्त करवाने हेतु दिनांक 03.10.2025 से 12.10.2025 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अस्थाई टयूबवैल आपरेटर हेतू न्यूनतम योग्यता 10वीं पास हो। इच्छुक व्यक्ति ग्राम पंचायत में सरपंच के पास अपना आवेदन जमा करवा सकता है।

हस्ता/-सरपंच, श्रीमति पूजा यादव
ग्राम पंचायत गगांयचा अहीर (रेवाड़ी)
मो. नंबर-9306637941

**राजकीय उच्च विद्यालय निखरी (रेवाड़ी)**

**नीलामी**

राजकीय उच्च विद्यालय निखरी (रेवाडी) सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि राजकीय उच्च विद्यालय निखरी में सूखे पेड़ो की नीलामी 01/10/2025 को होगी ! नीलामी से संबंध नियम व शर्तों की जानकारी नीलामी के दिन बताई जाएंगी !
स्थानः- राजकीय उच्च विद्यालय निखरी, प्रातः 10:00 बजे

स्कूल प्रबंधन समिति
राजकीय उच्च विद्यालय, निखरी
Mob.No.9416281459

## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। शिविर में लोगों की जांच करते हुए डॉक्टर। फोटो: हरिभूमि

### स्वास्थ्य शिविर में 55 से अधिक मरीजों की हुई जांच

**धारूहेड़ा।** सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को नगरपालिका धारूहेड़ा परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श और फ्री दवाइयां वितरित की। कैंप में 55 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में आमजन के विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच की गई। कैंप में टीबी के मरीजों को किट भी वितरित की गई। इस अवसर पर नपा चेयरमैन कंवर सिंह, उप प्रधान अजय जांगडा, नपा सचिव सुमित कुमार, जेई हरीश, डा. अभिषेक रोहिल्ला व सुनील सोनी सहित नगरपालिका व पीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा।

### गोरक्षकों की मदद से मुक्त कराए गोवंश

**रेवाड़ी।** वीरवार की रात कसोला थाना पुलिस ने गढ़ी बोलनी चौक के पास एक पिकअप में निर्ममता से भरे गोवंश मुक्त कराने के बाद उन्हें गोशाला भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ गोकशी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। नारनौल के डोहर मोहनपुर निवासी गोरक्षा दल के सदस्यों अमित व नीरज ने पुलिस को सूचना दी थी कि वह बाईपास रोड पर गढ़ी बोलनी चौक के पास मौजूद हैं। इस रास्ते से एक पिकअप गाड़ी गोवंश लेकर निकलने वाली है। पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसी दौरान वहां से निकल रही एक पिकअप गाड़ी को चेक किया तो उसमें चार नंदी व एक गाय निर्ममता से ठूंसे हुए मिले। दो पशु गाड़ी में नीचे पड़े हुए थे, जबकि तीन खड़े हुए थे। पुलिस ने गोवंश को गाड़ी से निकलवाकर गोशाला भेज दिया। गाड़ी चालक महेंद्रगढ़ के धनोंदा निवासी संजीव को पुलिस ने मौके पर ही काबू कर लिया। उसकी पिकअप गाड़ी व मोबाइल फोन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया।


गो तस्करी का आरोपी संजीव

## दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर कार्रवाई, वाहन चालकों पर लगाया जुर्माना

नेशनल हाइवे से बड़ी संख्या में ओवरलोड डंपर भवन निर्माण सामग्री राजस्थान से लेकर गुरूग्राम, दिल्ली व फरीदाबाद की ओर निकलते हैं

# सीएम फ्लाइंग व आरटीए का ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा



रेवाड़ी। ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करते सीएम फ्लाइंग व आरटीए टीम व हाइवे पर पकड़े गए ओवरलोड वाहन।

**सात चालकों से 4.79 लाख रुपये जुर्माना वसूला**

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग ने आरटीए स्टाफ व पुलिस के साथ मिलकर ओवरलोड डंपरों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया। सीएम फ्लाइंग टीम ने अभियान के दौरान 7 ओवरलोड वाहन पकड़कर 4.79 लाख रुपये का जुर्माना भी वसूला। सीएम फ्लाइंग की लगातार चल रही कार्रवाई से नेशनल हाइवे से डंपरों की संख्या कम होने लगी है। नेशनल हाइवे से बड़ी संख्या में ओवरलोड डंपर भवन निर्माण सामग्री राजस्थान से लेकर गुरूग्राम, दिल्ली व फरीदाबाद की ओर निकलते हैं। आरटीए टीम के चेकिंग पर निकलने से पहले डंपर चालकों तक सूचना पहुंच जाती है, जिस कारण इन डंपरों को राजस्थान की सीमा में खेड़ा बॉर्डर के पास ही रोक दिया जाता है। राजस्थान की सीमा में आरटीए टीम को ऐसे डंपरों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार नहीं है। शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग व आरटीए विभाग की टीम ने पुलिस को साथ लेकर दिल्ली-जयुपर हाइवे पर धारूहेड़ा, कापड़ीवास व एनएच-71 पर चेकिंग शुरू की, जिसके बाद 7 ओवरलोड वाहन सीएम फ्लाइंग के लपेटे में आ गए। टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग के एएसआई सचिन और आरटीए विभाग के टीआई योगेश कुमार ने किया। पकड़ें गए ओवर लोड वाहनों को हरियाणा टूरिज्म धारूहेड़ा में इंपाउंड कराया गया है।

### ड्राइवरों के मोबाइल फोन भी चेक किए

इस दौरान ड्राइवरों के मोबाइल फोन भी चेक किए गए। मोबाइल में कोई संदेहजनक कॉल व मैसेज नहीं पाए गए। कार्रवाई के दौरान दो वाहनों पर 57-57 हजार, एक वाहन पर 55 हजार, एक पर 59 हजार, एक वाहन पर 75 हजार, एक पर 83 हजार व एक वाहन चालक पर 93 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

### कार्रवाई के बाद हाइवे पर नजर नहीं आए डंपर

*सीएम फ्लाइंग की जून माह में ओवरलोड डंपरों पर दूसरी कार्रवाई से हाइवे से डंपर गायब होने लगे है। नेशनल हाइवे पर वाहनों की चेकिंग शुरू होते ही जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर पार कर चुके डंपर लपेटे में आ गए। इसके बाद अन्य डंपर चालकों तक रेड की सूचना पहुंची, तो हाइवे से ओवरलोड डंपर गायब हो गए। शाम तक चेकिंग के डर से ओवरलोड डंपर हरियाणा की सीमा में नजर नहीं आए।*


रेवाड़ी। खंड स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## जाटूसाना में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# 75 प्रतिभागियों का जिला स्तर पर चयन

- प्रतियोगिता में खंड के विभिन्न स्कूलों से लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭जाटूसाना

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाटूसाना में खंड स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खंड के विभिन्न स्कूलों से लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत विषय पर आकर्षक एवं रचनात्मक पेंटिंग बनाई। निर्णायक मंडल ने मूल्यांकन करके 75 प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया। चयनित छात्र अब 28 सितंबर को प्रातः 9:30 बजे पीएमश्री जीजीएसएसएस रेवाड़ी में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य विपिन कुमार ने किया। निर्णायक मंडल में सुरेन्द्र कुमार टीजीटी, पवन कुमार पीजीटी, अमित पीजीटी तथा ममता टीजीटी शामिल थे। कार्यक्रम के संचालन में विवेक कुमार लेखाकार, सुनीता, प्रियंका, राजेन्द्र, नरेन्द्र, सतेंद्र एवं संजय का सहयोग रहा।

### प्रतियोगिता के परिणाम

कक्षा 6 से 8 वर्ग में छात्र संदेश कक्षा आठ जीएमएस परखोत्तमपुर, छवि कक्षा सात जीएसएसएस देहलावास गुलाबपुरा, दीपिका कक्षा सात जीजीएचएस जाटूसाना व काजल कक्षा आठ बी पीएम श्री जीएसएसएस बोड़यि कमालपुर शीर्ष पर रहे। कक्षा 9 से 12 वर्ग में पूनम कक्षा बारहवीं जीएसएसएस देहलावास गुलाबपुरा, बिंदु कक्षा बारहवीं जीएसएसएस दड़ौली, नेहा कक्षा दसवीं जीएसएसएस दड़ौली, मोहित कक्षा दसवी जीएसएसएस देहलावास गुलाबपुरा व अंशु कक्षा नौवी बी पीएमश्री जीएसएसएस बोड़िया कमालपुर सर्वश्रेष्ठ रहे।

# सीता से विवाह कर अयोध्या लौटे राम

- कैकई ने राजा दशरथ से मांगे दो वर

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

मोती चौक स्थित श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला समिति के रामलीला मंचन में श्रीराम, सीता से विवाह करके लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटते हैं तो महल में खुशियां मनाई जाती है। राजा दशरथ श्रीराम के राज्याभिषेक की घोषणा करते हैं और पूरी अयोध्या में हर्ष की लहर दौड़ जाती है, लेकिन दासी मंथरा की ओर से रानी कैकई को श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास देने व भरत को राजपाट देने के लिए उकसाने पर कैकई कोप भवन की शरण लेती है।


रेवाड़ी। राजा दशरथ से अपने दो वर मांगते हुए कैकई।

### भरत को राजपाट देने की घोषणा की

*राजा दशरथ द्वारा नाराजगी का कारण जानने पर वह अपने पिछले दो वर मांगती है। रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई की रीत निभाते हुए राजा दशरथ अपने वचन का पालन करते हैं और कैकई की बात मान कर श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास एवं भरत को राजपाट देने की घोषणा करते हैं। सीता व लक्ष्मण भी श्रीराम के साथ वन में जाने की जिद करते हैं और राम मान जाते हैं। रामलीला का शुभारंभ संतोष सोनी ने किया। रामलीला के मुख्य संरक्षक अशोक शर्मा, श्याम गुप्ता, सुरेश सेन व भारत भूषण कश्यप ने अतिथि का स्वागत किया। रामलीला के प्रधान अनुकूल शर्मा ने बताया कि ललित सैनी ने राम, हिमांशु गुप्ता ने लक्ष्मण, रूपेश गुप्ता ने सीता, राजेश पंवार ने दशरथ, लवली सोनी ने कैकई, भारत गुप्ता ने सुमित्रा तथा संजय सैनी ने कौशल्या व मंथरा का अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।*

# अनाजमंडी की रामलीला में हुआ सीता स्वयंवर

- दर्शकों ने परशुराम-लक्ष्मण संवाद को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

श्री शिव रामलीला समिति की ओर से नई अनाजमंडी में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर का भव्य मंचन किया गया। समिति के प्रधान नवल किशोर गुप्ता की अध्यक्षता व महासचिव दीपक मंगला के संचालन में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर से भगवान राम के राजलितक की घोषणा का मंचन किया गया। मुख्यातिथि लक्ष्मण सिंह यादव विधायक ने रामलीला का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि रामलीला को देखने व सुनने से न सिर्फ भक्ति होती है, बल्कि परिवार में अच्छे संस्कार भी जन्म लेते है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों से व्यक्ति की आत्मा भी पवित्र होती है और हमारी आने वाली पीढियों को भी हमारे संस्कारों के बारे में पता चलता है। मंच संचालन पार्षद एडवोकेट भूपेंद्र गुप्ता ने किया तथा एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने प्राउंटर की भूमिका निभाई। रामलीला में राम आशीष शर्मा, लक्ष्मण नवीन लखेरा, सीता हर्ष गुप्ता, जनक श्रीकिशन, रावण गिरिश सिंघला, परशुराम संजीव वशिष्ठ, मंत्री राजे रामपुरा, अनिल , भरत, नरेन्द्र, जेपी पंडित, राजा राजेश, पवन, विपिन, नितिन , विश्वामित्र पंडित किशनचंद वशिष्ठ, दशरथ बीडी अग्रवाल, गुरू वशिष्ठ प्रकाश सैनी, नाई अशोक शर्मा व ब्राहण का किरदार डा. श्याम बिहारी ने निभाया।


रेवाड़ी। रामलीला में सीता स्वयंवर का दृश्य। फोटो: हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर नरेश मित्तल, राजेन्द्र पटेल, अमन यादव, दिनेश कपूर, रितेश भार्गव, दलिप शास्त्री, राकेश गोयल, सरला यादव, उषा मंगला, अर्चना गोयल, मीरा गोयल, कांता अग्रवाल, अंकिता गुप्ता, लता भारद्वाज व मा. विजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बावल स्कूल में गांधी जयंती टूर्नामेंट 28 से 2 अक्टूबर तक

**बावल।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल में 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गांधी जयंती टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। गांधी जयंती खेल समिति के सदस्य मुकेश कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 87वां गांधी जयंती खेल महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। खेल प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्यों की टीमें भाग लेगी। उन्होंने बताया कि खेल उत्सव में कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल व दौड़ सहित अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम मनोज कुमार करेंगे तथा समापन समारोह में विधायक डा. कृष्ण कुमार शिरकत करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

# दीपावली तक पूरा होगा आरओबी का पुनर्निर्माण

- विधायक अनिल यादव ने शुक्रवार को आरओबी का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली

कोसली रेलवे स्टेशन के आरओबी का कार्य दीपावली तक पूरा हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग की ओर से तेजी से कार्य कराया जा रहा है। विधायक अनिल यादव ने शुक्रवार को आरओबी का निरीक्षण करने के बाद स्थानीय दुकानदारों को जल्द कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने आरओबी का अवलोकन किया। इस मौके पर एसडीएम विजय कुमार यादव, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सतेंद्र श्योराण, एसडीओ वीरेंद्र सिंह व सरपंच रामकिशन जांगड़ा मौजूद थे। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि पिलर बनाने का कार्य पूरा हो चुका है और अब आरओबी की सड़क बनाई जा रही है। जल्दी ही इसका सौंदयकरण कर कार्य पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद विधायक ने अनाजमंडी में जन शिकायतों को सुना। उन्होंने बताया कि अनाजमंडी से हुडा सेक्टर की ओर जाने वाली एचएसवीपी की सड़क 66 लाख रुपये और पार्क का निर्माण 19 लाख रूपए की लागत से कराया जा रहा है। ये दोनों कार्य एक सप्ताह में शुरू हो जाएंगे। इनका टेंडर अलॉट कर दिया गया है।


रेवाड़ी। आरओबी का निरीक्षण करते हुए विधायक अनिल यादव। फोटो: हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

इस मौके पर जिला पार्षद शारदा यादव, जिला पार्षद जीवन हितैषी, सोसायटी चेयरमैन कपिल, उदयभान डागर, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र, अनूप, हरीश व गोपी उपस्थित थे।

# मकानों के ऊपर से हटाई हाइटेंशन बिजली की तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धारूहेड़ा

कस्बे के रिहायशी इलाकों में लंबे समय से हाइटेंशन बिजली लाइन आमजन को खतरे को न्योता दे रही थी। मकानों की छतों को छू रही इन बिजली की तारों का खौफ इतना था कि लोग रोजमर्रा के कामकाज के लिए भी छतों पर नहीं जा रहे थे। समस्या लेकर कस्बावासी पिछले 18 साल से बिजली निगम से लेकर मंत्री तक गुहार लगा चुके थे, लेकिन किसी ने समस्या का समाधान किया, जिसके बाद गत जनवरी में लोगों ने बिजली मंत्री अनिल विज से मुलाकात की और बिजली लाइन हटाने की कार्यवाही शुरू हुई। एसडीओ कृष्ण कुमार ने मौके का मुआयना करने लोगों को बिजली लाइन हटवाने का आश्वासन दिया। शुक्रवार को एसडीओ की मौजूदगी में कर्मचारियों ने मकानों के ऊपर से गुजर रही 11000 वोल्टेज की बिजली लाइन को हटाकर लोगों को राहत दी।


रेवाड़ी। मकानों के ऊपर से बिजली लाइन हटाते हुए कर्मचारी।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## पंडित मोहन लाल शर्मा के मंत्रोच्चारण व पूजन के बाद मुख्यातिथि राहुल टोकाज ने रामलीला मंचन का शुभारंभ किया

राजा दशरथ दुखी मन से राम, सीता व लक्ष्मण को विदा किया

# कैकई के वर मांगने पर श्रीराम को मिला चौदह वर्ष का वनवास, बेटे के वियोग में दशरथ ने त्यागे प्राण

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से रेलवे कॉलोनी में किए जा रहे रामलीला मंचन में श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के वनवास का मंचन किया गया। वीरवार रात्रि को पंडित मोहन लाल शर्मा के मंत्रोच्चारण व पूजन के बाद मुख्यातिथि राहुल टोकाज ने रामलीला मंचन का शुभारंभ किया। रामलीला में जब राजा दशरथ कैकई को कोप भवन में पाते है तो उसका कारण जानने की कौशिश करते है और रानी को विश्वास दिलाते है कि वह जो कहेगी उसको वे स्वीकार करेंगे। कैकई राजा दशरथ को याद दिलाती है कि शंभरासुर युद्ध में सहायता करने पर उन्होंने उसे दो वरदान देने का वचन दिया था। कैकई ने राजा दशरथ से एक वर में राम को चौह वर्षो का वनवास व दूसरे में भरत को राजतिलक देने का वरदान मांगा, जिस पर राजा दशरथ काफी दुखी होते है। वनवास की आज्ञा मिलने पर श्रीराम के साथ सीता व लक्ष्मण भी जाने का निश्चय कर लेते है। राजा दशरथ दुखी मन से राम, सीता व लक्ष्मण को विदा करते है व उनके साथ सुमंत को भेजते है कि मेरी फुलवारी को गंगा दर्शन कराकर वापस ले आना, लेकिन राम, सीता व लक्ष्मण रास्ते में ही प्रजावासियों व सुमंत को छोड़कर गंगा किनारे पहुंच जाते है और केवट से प्रार्थना करते है कि उन्हे गंगा पार करा दे, केवट मना कर देता है कि आप तो भगवान है, आप पत्थर को औरत बना सकते है तो कहीं मेरी नाव को गंगा में डूबो न दे, जिस पर प्रभु राम उसको विश्वास दिलाते है कि ऐसा नहीं होगा।



रेवाड़ी। श्रीराम को वनवास की आज्ञा देने पर वियोग करते राजा दशरथ व केवट से गंगा पार कराने की कहते श्रीराम।

### ये रहे रामलीला के कलाकार

रामलीला में राजा दशरथ का अभिनय महेश कौशिक, राम-दिवेश शर्मा, लक्ष्मण-मोहित यादव सीता-प्रिंस, कैकई-जितेश कौशल्या-नरेन्द्र गोयल, सुमित्रा-संजय सोनी, सुमंत-रोहित, गुरू वशिष्ठ-रोशनलाल, केवट-घनश्याम शर्मा व मेहरचन्द तथा प्रजावासियों का किरदार केके सक्सेना, निखिल रोहिल्या, जगदीश शर्मा, भगत, महेश कुमार, नवीन, लक्ष्य शर्मा व लक्ष्य कौशिक ने निभाया।